Title: Need to provide adequate facilities in all the hospitals and medical colleges in Jharkhand.

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोद्य, मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार को अवगत कराना चाहता हूं कि झारखंड राज्य में स्वास्थ्य केन्द्र अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, राजकीय औाधालय, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल एवं जिला मुख्यालय अस्पताल में कही भी डाक्टर, नर्स कम्पाउंडर एवं दवा की समुचित व्यवस्था नहीं है। अधिकांश स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टर नहीं जाते हैं, वे अपनी प्राइवेट प्रैक्टिस में लगे हुए हैं। यहां तक कि झारखंड की राजधानी रांची के रिम्स अस्पताल में भी समुचित इलाज की व्यवस्था नहीं है। पाटलीपुत्र मेडिकल कालेज एवं धनबाद अस्पताल की व्यवस्था और भी चरमरा गई है। झारखंड राज्य के असाध्य रोगों के मरीजों को दिल्ली या सी.एम.सी., वेल्लूर भेजा जाता है। यहां तक कि साधारण बीमारी के मरीजों को भी झारखंड के डाक्टर दिल्ली या वेल्लूर, तमिलनाडु रेफर कर रहे हैं। आर्थिक बदहाली के कारण गरीब लोग अपना इलाज कराने हेतु दिल्ली अथवा वेल्लूर जाने में असमर्थ हैं। ऐसी परिस्थिति में दवा एवं इलाज के नहीं हो पाने के कारण असमय ही लोगों की मृत्यु हो रही है।

अतः मैं केन्द्र सरकार का ध्यान इस ओर आकृट करते हुए कहना चाहता हूं कि झारखंड राज्य के सभी अस्पतालों में डाक्टर एवं दवाओं की समुचित व्यवस्था अविलम्ब कराई जाए।

महोद्य, इसके अतिरिक्त पागल कुत्तों के काटने के कारण भी गरीब लोगों की मौत हो रही है। चूंकि सरकारी अस्पताल में पहले दवाइयां उपलब्ध रहती थीं, लेकिन अब वहां दवाइयां देना बंद कर दिया गया है। यदि कुछ दवाइयां मिलती भी हैं तो वे काफी कीमती दवाइयां हैं, जिन्हें खरीद पाने में गरीब लोग असमर्थ हैं। वहां पर कालाजार और मलेरिया से भी पीड़ित होकर काफी लोग मर रहे हैं। वहां समय पर डी.डी.टी. पाउडर का छिड़काव भी नहीं हो रहा है। अतः मेरी केन्द्र सरकार से गुजारिश है कि झारखंड में उपरोक्त कमियों को दूर करने की तत्काल व्यवस्था कराई जाए।

<u>13.16 hrs.</u>